भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद को राजभाषा के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की 81वीं बैठक डॉ. बनवारी लाल, उपाध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (टीडीएस), अहमदाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 27 जुलाई, 2023 को अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो), अहमदाबाद में आयोजित की गई। इस बैठक में राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रगति पर महत्वपूर्ण विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की क्षेत्रीय प्रतिनिधि डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य, उपनिदेशक (कार्यान्वयन), मुंबई भी उपस्थित रहीं। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद की ओर से प्रो. अनिल भारद्वाज, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष, प्रो. आर.डी. देशपांडे, रजिस्ट्रार, श्री आनंद डी. मेहता, प्रधान, का. एवं सा.प्र., प्रो. सोम कुमार शर्मा, प्रोफेसर, अध्यक्ष विक्रम पत्रिका संपादकीय समिति एवं विक्रम साराभाई हिंदी मौलिक पुस्तक लेखन योजना समिति, श्री प्रदीप कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं श्रीमती रुमकी दत्ता, सहायक निदेशक (रा.भा.) उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम एवं राजभाषा के विभिन्न नियम और लक्ष्यों को प्राप्त करने के विषय में सभी को अवगत कराया गया और वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन के सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन हेतु भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ इस संबंध में कार्यालयाध्यक्ष प्रो. अनिल भारद्वाज एवं सहायक निदेशक (रा.भा.), श्रीमती रुमकी दत्ता को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के निदेशक एवं कार्यालय अध्यक्ष प्रो. अनिल भारद्वाज शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए